# भारतीय जनता पार्टी

**(केन्द्रीय कार्यालय)**
**6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली**

दिनांक: 17 नवंबर 2023, शुक्रवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा राजस्थान के मसूदा और नसीराबाद की जनसभाओं में संबोधन के मुख्य बिन्दु

****************************************

**कांग्रेस ने राजस्थान में इतने पेपर लीक किये है कि जनता ने कांग्रेस की हार और भाजपा की जीत का पेपर लीक कर दिया है।**

****************************************

**राजस्थान का विकास लाल डायरी में हिसाब लिखने वाली कांग्रेस नहीं मोदी जी के नेतृव में भाजपा की सरकार ही कर सकती है।**

****************************************

**भाजपा सरकार राजस्थान को दंगा मुक्त प्रदेश बनाएगी।**

****************************************

**आजादी के बाद की सभी सरकारों ने जितना 'टोटल भ्रष्टाचार' नहीं किया होगा, उतना घोटाला तो गहलोत सरकार ने सिर्फ 5 साल में कर दिया।**

****************************************

**अशोक गहलोत ने राजस्थान को गांधी परिवार का एटीएम बना दिया है, जब भी कांग्रेस पार्टी को पैसे की जरूरत होती है तो वे राजस्थान आते हैं, कार्ड स्वाइप करते हैं और पैसे लेकर चले जाते हैं।**

****************************************

**अशोक गहलोत ने राजस्थान को भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, महिला पर अत्याचार, बिजली की दरों मे, साइबर क्राइम में, महंगाई इंडेक्स में, पेपर लीक के मामलों में नंबर 1 बना दिया है।**

****************************************

**परिवारवादी कांग्रेस पार्टी का लॉन्चिंग पैड ही खराब हो चुका है।**

****************************************

**आपका एक वोट राजस्थान और देश का भविष्य सुनिश्चित करेगा। आपका एक वोट राजस्थान की सीमाओं को सुरक्षित करेगा। आपका एक वोट भारत को महान भारत बनाएगा।**

****************************************

**अगर कांग्रेस सत्ता में वापस आती है तो PFI संगठन को खुली छूट मिल जाएगी। राजस्थान कभी सुरक्षित नहीं रह पाएगा।**

****************************************

**अशोक गहलोत ने अपनी तुष्टिकरण की राजनीति की सारी हदें पार कर दी, 2019 में टोंक, 2020 में डूंगरपुर, 2021 में झालावाड़, 2022 में करौली, जोधपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, नोहर,**

## मेवात, मालपुरा और जयपुर में सांप्रदायिक हिंसा हुई। पीएफआई वालों की देशभर में बाहर निकालने की हिम्मत नहीं है, पर कोटा में वह रैली निकालने की हिम्मत करते हैं।

****************************************

## अशोक गहलोत की सरकार में हिंदू त्योहारों पर धारा 144 लगाई गई, अलवर में 300 साल पुराना शिव मंदिर तोड़ा गया, झालावाड़ में कृष्ण वाल्मिकी की हत्या की गई और सालासर में श्री राम दरबार पर बुलडोजर चलाया गया।

****************************************

आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने राजस्थान के मसूदा विधानसभा में जनसभा को संबोधित किया। श्री अमित शाह ने राजस्थान की जनता से कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव के दिन किसी को विधायक बनाने या भाजपा की सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाकर राजस्थान और देश को खुशहाल करने के लिए मतदान करें। कांग्रेस ने 5 साल के कार्यकाल में केवल भ्रष्टाचार ही किया है। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप लोग अशोक गहलोत की सभा में लाल रंग की जर्सी और शर्ट पहनकर न जाएं, क्योंकि **जैसे सांड लाल रंग देखकर दौड़ता है, वैसे ही गहलोत साहब भी दौड़ते हैं। लाल डायरी में गहलोत सरकार के करोड़ों के भ्रष्टाचार का कच्चा चिट्ठा छिपा है।**

श्री अमित शाह ने राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि **आजादी से अब तक जितनी सरकारों ने 'टोटल भ्रष्टाचार' नहीं किया होगा, उतना घोटाला अकेले गहलोत सरकार ने केवल 5 वर्षों में किया है।** सबसे भ्रष्ट सरकार कहीं पर रही है तो राजस्थान की कांग्रेस सरकार सबसे भ्रष्ट है। **गहलोत सरकार ने खनन विभाग में ₹66000 करोड़, खनन के पट्टे देने में ₹1000 करोड़, उदयसागर झील में ₹2000 करोड़, प्रतापगढ़ की चुना पत्थर खदान में ₹1000 करोड़, कालीसिंध बांध में ₹250 करोड़ और गेहू-बाजरे के आवंटन में भी ₹1000 करोड़ का घोटाला किया। गहलोत सरकार के सचिवालय की अलमारियों से ₹2 करोड़ और किलो के हिसाब में सोना जब्त किया गया।** जो गरीबों को राशन नहीं दे सकते, जिनके शासन में अवैध खनन रोकने के लिए किसी संत को आत्महत्या करनी पड़ी, वे राजस्थान का भला कभी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है गहलोत सरकार को उखाड़कर, भाजपा की डबल इंजन की सरकार को राजस्थान के विकास के लिए लाया जाए। **अशोक गहलोत ने राजस्थान को दिल्ली में बैठी गांधी परिवार का एटीएम मात्र बना दिया है। कांग्रेस पार्टी को जब भी पैसा चाहिए होता है, दिल्ली के नेता राजस्थान आकार, कार्ड स्वाइप कर, पैसा लेकर चले जाते है। भ्रष्टाचार में तो राजस्थान नंबर एक पर ही थी, साथ ही यह अशोक गहलोत की वजह से तुष्टीकरण और महिला- अत्याचार में भी नंबर एक पर है। आज राजस्थान बिजली की दरों, साइबर क्राइम, महंगाई इंडेक्स, पेपर लीक मामलों में सभी बुराइयों में नंबर 1 पर है। अशोक गहलोत सरकार ने राजस्थान की जनता का जीना हराम कर रखा है।**

श्री अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा **कांग्रेस पार्टी परिवारवादी पार्टी है राजस्थान में अशोक गहलोत वैभव गहलोत को लॉन्च करना चाहते हैं और केंद्र में सोनिया गांधी राहुल गांधी को लॉन्च करना चाहती है। उन्होंने कहा कांग्रेस का लॉन्चिंग पैड ही खराब हो गया है राहुल बाबा को 15 साल से लॉन्च कर रहे है मगर रॉकेट वापसी आता है** उठाता ही नहीं इनका लॉन्चिंग पैड खत्म हो गया है। कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार ने सरकारी पदों की भर्ती में इतने घोटाले

किए हैं कि इस बार राजस्थान की जनता उनका साथ नहीं देने वाली है बल्कि जनता जिसके हाथ में कमल है उसको वोट देकर विधानसभा में एंट्री देगी।

श्री अमित शाह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तंज कसते हुए कहा **राजस्थान के 1 करोड़ 40 लाख युवा का ज़िंदगी बर्बाद कर दिए है। 5 साल में जितने पेपर लीक हुए हैं राजस्थान के एक करोड़ 40 लाख युवाओं का जीवन गहलोत सरकार ने बर्बाद किया है। कांस्टेबल की भर्ती का पेपर लीक हो गया, हाई कोर्ट एलसीडी की भर्ती, चिकित्सा अधिकारी का पेपर, जेईई एंड सिविल डिग्री का पेपर, रीट लेवल 2, वनरक्षक की भर्ती, बिजली विभाग के टेकनीशियन की भर्ती, इतने सारे पेपर लीक हुए है।** श्री अमित शाह ने जनता से कहा कि जिन्होंने इतना भ्रष्टाचार किया, पेपर लीक करवाए वह कभी भी राजस्थान के युवाओं का भला नहीं कर सकते। गहलोत सरकार के राज्य में माताएं बहने, संत आदि कोई भी सुरक्षित नहीं है। गहलोत सरकार के राज में कन्हैयालाल जैसे साधारण व्यक्ति को भी को मार डाला जाता है। कांग्रेस सरकार ने वोट बैंक की राजनीति में राजस्थान में सभी सीमाएं लंबी जिस प्रकार से उदयपुर में कन्हैयालाल तेली की दिन दहाड़े हत्या की गहलोत जी जवाब दीजिए **राजस्थान की जनता को 2019 में टोंक में दंगा हुआ, 2020 में डूंगरपुर, 2021 में झालावाड़, 2022 में करौली, 2022 में जोधपुर, और समग्र राज्य में भीलवाड़ा, करौली, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, नोहर, मेवाड़, मालपुर, और जयपुर प्रदेश को ग्रस्त करने का काम अशोक गहलोत ने किया है। पीएफआई वाले देश भर में चुपचाप बैठे रहते हैं देश भर में किसी की हिम्मत नहीं है बाहर निकालने की और कोटा में वह रैली निकालने की हिम्मत करते हैं।**

श्री अमित शाह ने कहा चित्तौड़गढ़ में रतन सोने की हत्या हुई और बाद में वहां पर **हिंदू त्योहारों पर 144 की धारा लगा दी गई, अलवर में 300 साल पुराना शिव मंदिर तोड़ा गया, झालावाड़ में कृष्ण वाल्मीकि को रोड पर पीट-पीट कर मार दिया और सालासर में राम दरबार पर बुलडोजर चलाने का काम किया** अगर कांग्रेस सत्ता में वापस आती है तो अजमेर वालों समझ के चलना पीएफआई जैसे संगठनों को खुली छूट मिल जाएगी हमारा राजस्थान सुरक्षित नहीं रह पाएगा।
श्री अमित शाह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तंज कसते हुए कहा **रिसोर्ट में रहने वाली सरकार है अपनी ही सरकार बचाने के लिए बार-बार एमएलए को उठाकर रिसोर्ट में ले जाते है। उन्होंने जनता से पूछा जो अपनी सरकार नहीं बचा सकते क्या वह देश की सीमाओं को बचा सकते हैं ?**

श्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने शुरुआत से ही तुष्टीकरण की राजनीति की है। श्री अमित शाह ने जनता से पूंछते हुए कहा कि नावां के लोग मुझे बताएं कि क्या अयोध्या में राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं? **550 सालों से प्रभु श्री राम अपमानित अवस्था में थे, 70 सालों से कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लटका, अटका, भटका रही थी। मोदी जी ने इसका भूमिपूजन किया और 22 जनवरी को इसकी प्राण प्रतिष्ठा भी करने वाले हैं।** उन्होंने जनता से 22 जनवरी को पुनः दीपावली मनाने के लिए आग्रह किया, क्योंकि उसी दिन श्री नरेंद्र मोदी, अयोध्या में राम लाल की प्राणप्रतिष्ठा करेंगे। राजस्थान के चुनाव पत्र का हवाला देते हुए उनहीने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद, राम भक्तों को बारी बारी अयोध्या ले जाने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। मोदी जी ने तीन तलाक, पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया। कश्मीर के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हिम्मत नहीं हुई की कश्मीर से 370 धारा हटा सके। वही दूसरी ओर 2019 में मोदी जी प्रधानमंत्री बने और **5 अगस्त 2019 को मोदी जी धारा 370 समाप्त कर दी। श्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर व्यंगयात्मक प्रहार करते हुए**

**कहा कि उस व्यक्त राहुल बाबा संसद में कहते थे कि धारा 370 मत हटाओ खून की नदियां बह जाएंगी, जिसपर उन्होंने कहा कि राहुल बाबा खून की नदियां छोड़ो मोदी सरकार में किसी की कंकर मरने की भी हिम्मत नहीं है।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर के हमेशा के लिए हमारे कश्मीर भारत के साथ जोड़ने का काम किया है। देश के 200 करोड़ लोगों को कोरोना का टीका लगाकर पूरे देश को कोरोना से सुरक्षित करने का काम मोदी जी ने किया है। जहां सब मिलकर मोदी जी के इसस कार्य की सराहना कर रहे थे, वही दूसरी ओर राहुल गांधी लोगों को भड़क रहे कि यह टीका न लगाया जाए। लोगों को भड़ककर भी एक दिन चुपके से खुद जाकर टीका लगवा लिया। ऐसी हरकत करने पर राहुल गांधी को शर्म महसूस करनी चाहिए। **4 करोड़ 20 लाख गरीबों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो अनाज निःशुल्क में देने का काम मोदी सरकार ने किया है। और हाल ही में मोदी जी ने घोषणा की है कि 5 किलो निःशुल्क अनाज की योजना 5 साल तक और चलने वाली है।** राजस्थान के 80 लाख किसानों को हर साल **₹6000** केंद्र सरकार देती आई है, जिसकी रकम को दुगना कर अब किसानों को **₹12000** दिए जाएंगे। **मोदी जी की राजस्थानवासियों को गारंटी है कि हर किसान से प्रति ऐकड़, प्रति क्विंटल गेहू , ₹2700 में खरीदा जाएगा।**

श्री अमित शाह ने राजस्थान कि जनता को आश्वासन देते हुए कहा की **महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हर जिले में महिला थाना खोला जाएगा, हर थाने में महिला डेस्क खोला जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना को प्रारंभ किया जाएगा**, जिसके तहत सरकार द्वारा बेटी के जन्म के समय ₹2 लाख का सेविंग बॉन्ड दिया जाएगा और उसे सुरक्षित करते हुए जीवन को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। **केजी-टू-पीजी मुफ़्त शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। फ्री स्कूटी स्कीम के तहत मेधावी छात्राओं को बारहवीं कक्षा पास करने पर फ्री स्कूटी दी जाने की व्यवस्था की जाएगी।** ये सभी योजनाएं महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए, जो भी अड़चने आती हैं, उन्हें विस्तार से समझकर उनसे निपटने का प्रयास हैं। भाजपा सरकार द्वारा उज्जवला धारकों को प्रत्येक सिलिन्डर पर **₹450 का सब्सिडी** अगले **5 वर्ष तक** दिया जाएगा, जिससे घरों में राहत और महिलाओं के विकास का प्रयास किया जाएगा।

श्री अमित शाह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में सोनिया-मनमोहन की सरकार 10 वर्ष तक थी, फिर भी राजस्थान को केवल ₹1 लाख 10 हजार करोड़ आवंटित किये गए। वही दूसरी ओर मोदी जी ने 9 वर्षों में ₹8 लाख 71 हजार करोड़ राजस्थान के विकास के लिए आवंटित किये हैं । राजस्थान का विकास लाल डायरी में हिसाब रखने वाली कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती। राजस्थान का विकास केवल और केवल मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है। श्री अमित शाह ने अंत में राजस्थान की जनता से निवेदन करते हुए कहा कि राजस्थान को विकास की राह पर अग्रसर करने के लिए कमल के फूल की सरकार बनाना बहुत जरूरी है।